इलियाना डिक्रूज ने सलमान खान की इन दो फिल्मों को कर दिया था रिजेक्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ऐक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने अपने अब तक के करियर में रणबीर कपूर से लेकर अजय देवगन और वरुण धवन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है। लेकिन उनके फैन्स यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि क्या कभी वह सलमान खान के साथ काम करेंगी? हाल ही में इलियाना ने इसका जवाब भी दिया और जो जवाब दिया उसने सभी को चौंका दिया। एक इंटरव्यू के दौरान इलियाना ने फैन्स द्वारा पूछे गए सवाल का ट्विटर पर जवाब देते हुए कहा कि उन्हें सलमान खान स्टारर किक और वॉन्टेड के लिए अप्रोच किया गया था। लेकिन वह किन्हीं वजहों से उन दोनों ही फिल्मों में काम नहीं कर पाईं। कहीं न कहीं इलियाना को आज भी इन फिल्मों में काम न कर पाने का मलाल है। इलियाना की मानें, तो वॉन्टेड में उन्हें आयशा टाकिया वाले रोल के लिए अप्रोच किया गया था। चूंकि उस वक्त उनके एग्जाम चल रहे थे इसलिए वह इस फिल्म को नहीं कर पाईं। वहीं किक जब ऑफर हुई तो उस वक्त वह अपनी डेट्स किसी अन्य फिल्म को दे चुकी थीं। बाद में फिर जैकलीन फर्नांडिस को इस फिल्म के लिए साइन किया गया। इलियाना के प्रफेशनल फ्रंट की बात करें, तो पागलपंती इस शुक्रवार रिलीज हुई है, जिसे ठीकठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके अलावा वह द बिग बुल फिल्म में नजर आएंगी।

राधिका मदान ने शुरू की फिल्म शिद्दत की शूटिंग

फिल्म पटाखा फेम ऐक्ट्रेस राधिका मदान ने अपनी अगली फिल्म शिद्दत की शूटिंग शुरू कर दी है। राधिका मदान ने अपने इस नए प्रॉजेक्ट की जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। राधिका मदान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक क्लैपबोर्ड के साथ तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ ऐक्ट्रेस ने कैप्शन दिया, एक और जर्नी। एक और लाइफ। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर और प्रड्यूसर के साथ अन्य लोगों को टैग किया है। फिल्म शिद्दत को कुनाल देशमुख डायरेक्ट कर रहे है और दिनेश विजान प्रड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में राधिका मदान के अलावा सनी कौशल, डायना पेंटी और मोहित रैना भी नजर आएंगे। बताते चलें कि राधिका मदान ने हाल ही में कॉमिडी ड्रामा अंग्रेजी मीडियम की शूटिंग पूरी की है। यह फिल्म 2017 में आई फिल्म हिंदी मीडियम का सीक्वल है। इस फिल्म में इरफान खान और करीना कपूर लीड रोल में होंगे।

जैकलीन फर्नांडीज जनवरी से अटैक की शूटिंग शुरू करेंगी

अभिनेत्री जैकलीन फर्नाडीज ने इस बात का खुलासा किया है कि वह अपनी आगामी एक्शन फिल्म अटैक के लिए शूटिंग जनवरी में शुरू करेंगी। जॉन अब्राहम अभिनीत इस फिल्म में दो अभिनेत्रियां होंगी यानी कि इसमें जैकलीन को अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करना होगा और जैकलीन का कहना है कि उन्हें इस बात से कोई दिक्कत नहीं है। जैकलीन ने कहा, मैं फिल्म में एक बेहतरीन किरदार निभा रही हूं और रकुल जिस किरदार को निभा रही हैं वह भी काफी शानदार है। जब मैंने कहानी सुनी तो मुझे लगा कि वाह, रकुल का किरदार तो बड़ा ही अच्छा है। मुझे लगता है कि वह इसके साथ पूरा न्याय करेंगी। मुझे खुशी है कि वह इस परियोजना का हिस्सा हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू होने के सवाल पर जैकलीन ने कहा, हम जनवरी में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। अटैक से लक्ष्य राज आनंद बतौर निर्देशक पहली बार काम करने जा रहे हैं। जॉन अब्राहम इसके निर्माता है।